तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 17 जून 2026

17 डीजल संकट से किसान और ट्रैक्टर संचालक...



18 बजी स्कूल की घंटी, प्रवेश उत्सव के साथ सत्र शुरू








## खबर संक्षेप

### कबाड़ी से 14 लाख का कबाड़ जब्त



**भाटापारा**। आरपीएफ पुलिस भाटापारा एवं बिल्हा पुलिस की संयुक्त टीम ने छापामार कार्यवाही की, जिसमें कबाड व्यावसायी से लगभग 14 लाख कीमत का कबाड जब्त किया है। इस संबध में आरपीएफ पोस्ट के सी.एस. मिश्रा ने बताया आरपीएफ पोस्ट प्रभारी संतोष शुक्ला के निर्देशन पर छापा मारा गया जहां से रेल्वे के पटरी मे लगने वाले चीप, क्लीप, लाईनर आदि जैसी चीजों की खरीदी कर रहा था ,आरपीएफ भाटापारा एवं बिल्हा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी मो.इमरान कुरैशी को हिरासत में लिया गया।

### चिरई चुरगुन हमर संगवारी का प्रसारण कल

**पलारी**। अंचल के वरिष्ठ कवि गीतकार साहित्यकार राम कुमार साहू मयारू गिर्रा पलारी की कहानी



चिरई चूरगुन हमर संगवारी का आकाशवाणी रायपुर से प्रसारण 18 जून सुबह 8.30 बजे बालवटिका आवव सुनन कहानी बच्चों के कार्यक्रम में प्रसारित होगा। समन्वय साहित्य परिवार पलारी के संयोजक होने के वे नाते नए नए बच्चों को काव्य रचनाएं लिखने हेतु प्रेरित करते रहते है। वे छत्तीसगढ़ी भाषा के उन्नयन के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

### निःशुल्क योग प्रदर्शन और प्रशिक्षण शिविर 17 से 21 जून तक

**बलौदाबाजार**। आयुष विभाग द्वारा जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा विकासखंडों के चिन्हित ग्रामों में 17 जून से 21 जून तक पांच दिवसीय निःशुल्क योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन प्रातः 7 से 9 बजे तक आयोजित की जायेगी। योग शिविर चिचोली गातापार, किरवई दामाखेड़ा, कसडोल, टुण्डरा, झीपन, गाड़ाभाठा, ओड़ान पलारी, लाटा लवन, शास.पर्वू मा. मोहरा, निपनिया, रिकोकला एवं डमरू में शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आमजन को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। वर्ष 2026 के अंतरराष्ट्रीय योगदिवस की थीम ष्स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगष के अनुरूप आयोजित इन शिविरों में विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन एवं वैज्ञानिक जीवन पद्धति है, जो शरीर, मन एवं आत्मा के संतुलित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### जंगल में शराब बिक्री एक पर कार्रवाई

**महासमुंद**। कुरदिया खुर्द के पास स्थित जंगल में शराब बिक्री कर रहे एक व्यक्ति पर पिथौरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ठाकुरदियाखुर्द के पास स्थित जंगल में आरोपी गोवर्धन सतनामी के कब्जे से कुल 04 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया प्रतिमाओं का अनावरण और ऑडिटोरियम का लोकार्पण

# भाटापारा को मिली करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शहर में छत्तीसगढ़ महतारी एवं शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, छत्तीसगढ़ राज्य सहकरी बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने छत्तीसगढ़ महतारी चौक में नवनिर्मित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर नमन किया। इसके पश्चात भाटापारा स्थित शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे परिसर में शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने देश के लिये सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूत फ्लाइट लेफ्टिनेंट शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोन्डे जिन्होंने 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध में वीर गति को प्राप्त हुए थे,उन्हें पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस परिसऱ पर स्थापित शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा आने वाले पीढी के युवाओं के लिये प्रेरणा बनेगी। उन्होंने इस अवसर पर शहीद के परिजनों से आत्मीय भेंट किया।

वहीं महाविद्यालय परिसर में 8 करोड़ की लागत से बने आडिटोरियम का लोकार्पण सहित शहर के फिल्टर प्लांट में बनने वाले व्यावसायिक परिसर, चौपाटी सहित अन्य विकास कार्य 4.50 करोड़ का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर नवीन आडिटोरियम में विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह ने ▶▶ शेष पेज 16 पर

### जिला निर्माण संघर्ष समिति ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात



**भाटापारा**। भाटापारा को स्वतंत्र जिला बनाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक इंद्र साव की अगुवाई में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर पुनः ज्ञापन सौंपा। भाटापारा प्रवास पर आए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से स्थानीय विश्राम गृह में स्वतंत्र जिले की मांग को लेकर जिला निर्माण संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने एक बार पुनः उनसे मुलाकात की। मुलाकात के दौरान अधिवक्ता संघ भाटापारा के अधिवक्तागणों ने भी डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि स्वतंत्र जिले की मांग को लेकर भाटापारा के निवासीगण 44 साल से लगातार संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक सार्थक परिणाम सामने नहीं आया है। स्वतंत्र जिले की मांग को लेकर गत सप्ताह भी विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर में विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात करते हुए जन भावनाओं से अवगत कराया था। उस समय भी डॉ. साहब से प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री से मिल कर चर्चा करने का भरोसा जताया था और आज मंगलवार को उन्होंने विधायक इंद्र साव से सभी लोगों को रायपुर लाने और साथ में मुख्यमंत्री से बैठकर चर्चा करने का आश्वासन दिया है। विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर जिला के लिए संघर्ष कर रही जनता को कुछ ▶▶ शेष पेज 16 पर

## किसान नकली खाद लेने मजबूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

बलौदाबाजार जिले के पलारी क्षेत्र में डीएपी खाद की भारी कमी से किसान परेशान हैं। खाद वितरण केंद्रों में घंटों लाइन लगाने के बाद भी किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है। धान की बुआई का समय नजदीक होने के कारण अन्नदाता चिंता में हैं और मजबूरी में निजी विक्रेताओं से खाद खरीदने को विवश हो रहे हैं। किसानों का आरोप है कि इसी स्थिति का फायदा उठाकर कुछ बाहरी लोग क्षेत्र में संदिग्ध एवं कथित नकली खाद बेच रहे हैं।इसी बीच पलारी क्षेत्र के ग्राम सुंद्रावन में ग्रामीणों ने यूरिया और डीएपी के नाम पर खाद बेच रहे लोगों की एक पिकअप वाहन को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि खाद बेचने वाले लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए, जबकि वाहन चालक और एक मजदूर मौके पर मौजूद मिले।

- किल्लत के बीच संदिग्ध खाद बेचने वालों का खुलासा

उर्वरक निरीक्षक सुचिन वर्मा ने कहा पिकअप से 13 बोरी खाद को जब्त करके कार्यवाही के लिए विभाग में भेज दिए गए है ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से बाहरी राज्यों से आए कुछ लोग गांव-गांव घूमकर किसानों को कम कीमत और तत्काल उपलब्धता का लालच देकर खाद बेच रहे थे। किसानों को खाद की गुणवत्ता और पैकेजिंग पर संदेह होने के बाद ग्रामीणों ने निगरानी शुरू की और एक पिकअप वाहन को रोककर पूछताछ की। ▶▶ शेष पेज 16 पर

## गैस एजेंसियों में पहुंची प्रशासन की संयुक्त टीम



**बलौदाबाजार**। जिले में संयुक्त टीम द्वारा गैस एजेसियों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में संयुक्त जांच दल द्वारा बम्लेश्वरी गैस एजेंसी में अनियमितता तथा उपभोक्ताओं से उचित व्यवहार नही किये जाने पर प्राप्त शिकायत के संबंध मे मंगलवार को जांच की गई। जांच में उक्त गैस एजेंसी के संचालक द्वारा अनियमिता पायी गई, जिसमें जांच दिनांक को ऑनलाइन दर्ज मात्रा के विरुद्ध 346 नग भरा सिलिंडर कम और 296 नग खाली सिलिंडर अधिक पाया गया। इस पर गैस एजेंसी संचालक के विरुद्ध द्रवित पेट्रोलियम ▶▶ शेष पेज 16 पर

## चादर की छांव में स्कूल पहुंचे छात्र...



**हिरमी रावन**। नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिन क्षेत्र में पड़ रही तेज धूप और गर्मी के बीच स्कूली छात्राएं अनोखे अंदाज में स्कूल जाते नजर आए। छात्राओं ने धूप से बचने के लिए एक बड़ी चादर को सामूहिक रूप से सिर पर तान लिया और उसकी छांव में स्कूल की ओर बढ़ीं। यह दृश्य राहगीरों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। क्षेत्र में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में छात्राओं द्वारा अपनाया गया यह देसी जुगाड़ चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों ने भी बच्चों की सूझबूझ की सराहना करते हुए कहा कि तेज धूप से बचाव के लिए यह एक अच्छा उपाय है।

## अवैध प्लाटिंग में नहर नाली पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

समीपस्थ ग्राम बनसांकरा के अमहा खार स्थित शासकीय नहर नाला जिससे ग्रामीण अपने कृषि भूमि में सिंचाई करते हैं, जहां रातोंरात चोरी छिपे शंकर गुप्ता पिता ओमप्रकाश गुप्ता ने अवैध प्लाटिंग करने के चक्कर में नहर नाला को पाट कर नाली का स्वरूप देकर नाले का दिशा ही बदल दिया है तथा नहर की कुछ भूमि में अवैध कब्जा कर लिया है। इससे आने वाले समय में कृषि हेतु किसानों को पानी नहीं मिल पायेगा साथ ही पानी निकासी नहीं होने पर आने वाले समय में किसानों की फसल बर्बाद होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। उक्त मामले को लेकर 5 से 6 ग्रामों के ग्रामीणों ने 10 जून को संयुक्त रूप से एकत्रित होकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अतुल शेटे को नहर नाला के अवैध कब्जा को हटवाने हेतु एक ज्ञापन सौंपा था। जिस पर एसडीएम शेटे ने शीघ्र ही निराकरण करने आश्वासन दिया था। लेकिन 6 दिन ▶▶ शेष पेज 16 पर

- ग्रामीणों के विरोध के बावजूद कार्रवाई न होने पर बढ़ा आक्रोश



### भाटापारा में भाजपा ने गिनाई ऐतिहासिक उपलब्धियां

# उपलब्धियों से भरा रहा प्रधानमंत्री मोदी का 12 साल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को भाजपा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा भाटापारा स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली थी, तब भारत दुनिया की 11वीं अर्थव्यवस्था था। आज हम 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और तीसरी बनने की ओर अग्रसर हैं। ये 12 साल भारत के इतिहास का स्वर्णिम काल है।

गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने अंत्योदय के मंत्र को धरातल पर उतारा है। गरीब कल्याण की बात हो तो 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 4 करोड़ से अधिक पीएम आवास, 12 करोड़ शौचालय, 10 करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिए गए। किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि से 6 हजार सालाना, एमएसपी में ऐतिहासिक बढ़ोतरी और धान पर बोनस दिया गया। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, लखपति दीदी योजना, 3 करोड़ ड्रोन दीदी का लक्ष्य रखा गया है। युवाओं के लिए मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया से रोजगार के नए अवसर बने।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 की समाप्ति, राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक पर कानून, सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे निर्णयों से भारत का मस्तक पूरी दुनिया में ऊंचा हुआ है।

शिवरतन शर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीति की दिशा और दशा दोनों बदल दी। पहले योजनाएं कागजों पर बनती थीं, अब सीधे गरीब के घर तक पहुंचती हैं। छत्तीसगढ़ और भाटापारा की जनता ने भी इसका लाभ उठाया है। जनधन खाते, आयुष्मान भारत, हर घर जल, पीएम आवास - हर योजना में भाटापारा अग्रणी रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 60 साल पर मोदी के 12 साल भारी हैं। कांग्रेस ने सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा दिया, मोदी ने गरीबी हटाई है।

पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि संगठन स्तर पर मंडल से लेकर बूथ तक मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाया जाएगा।इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. सनम जांगड़े, राकेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, टेशूलाल धुरंधर, राजीव सिंह, राहुल सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सघन कुष्ठ खोज अभियान शुरू

**बलौदाबाजार**। जिले में 15 जून से सघन कुष्ठ खोज अभियान शुरू हो चुका है, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जा कर कुष्ठ के लक्षण वाले मरीजों की पहचान कर रहे हैं। इसके लिए टीम बना कर उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया है। यह अभियान 15 जुलाई तक ज़ारी रहेगा। अभियान में लोगों को रोग के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

- घर-घर ढूंढे जा रहे कुष्ठ के मरीज



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी के अनुसार सर्वे में समस्त जनसंख्या को सम्मिलित किया गया है। स्वास्थ्य टीम द्वारा सर्वप्रथम लक्षणों के आधार पर संदेहास्पद मरीजों की पहचान की जाती है, बाद में चिकित्सक उसका परीक्षण करते हैं एवं आवश्यक ▶▶ शेष पेज 16 पर

खबर संक्षेप

## जिला के कार्यकर्ताओं को मिली बड़ी जिम्मेदारी






**सेल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के प्रांत अभ्यास वर्ग के समापन पर संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा की गई। इस दौरान बलौदाबाजार जिला से चार महत्वपूर्ण दायित्व की घोषणा की गई, जिसमें से उदित भारद्वाज जी को बलौदाबजार विभाग के विभाग संयोजक सुश्री फाल्गुनी सोनी को विभाग छात्रा प्रमुख सुश्री लक्ष्मी मानिकपुरी बलौदाबाजार जिले की जिला छात्रा प्रमुख एवं मलय कुमार साहू को पुनः बलौदाबाजार जिले के जिला संयोजक के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान जिला के पुनः जिला संयोजक बने मलय कुमार साहू आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में सभी महाविद्यालय विद्यालय और छात्रावासों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में परिषद के सारे आयाम कार्य गतिविधि कार्यों को पहुंचा तथा विद्यार्थियों की समस्या के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किया जायेगा।

### पुलिस की संयुक्त टीम ने चोर को दबोचा

गिधौरी। जिले में अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत, साइबर सेल बलौदाबाजार और पुलिस चौकी गिरौदपुरी की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए ग्राम मड़वा में हुई शटर तोड़कर नकदी चोरी की घटना के मुख्य आरोपी को महज 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। 13 जून की रात करीब 00.40 बजे ग्राम मड़वा निवासी प्रार्थी मोहर साय भारद्वाज के किराना दुकान का शटर और काउंटर का दराज तोड़कर दो अज्ञात चोरों द्वारा दराज में रखे 80,000 नगद चोरी कर लिए गए थे।

# मृत लोगों के नाम पर सालों तक उठता रहा राशन, मुख्य सचिव से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

राशन घोटाले पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी मृत लोगों के नाम पर सालों तक उठता रहा राशन मुख्य सचिव को शिकायत, सचिव से वसूली और एफआईआर की मांग छत्तीसगढ़ के सार्वजनिक वितरण प्रणाली में एक बार फिर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। मृत व्यक्तियों के नाम पर सालों तक अवैध रूप से राशन का आहरण करने और सरकारी खजाने को चूना लगाने का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। इस पूरे मामले की परतें सूचना के अधिकार से मिली जानकारी के बाद खुली हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए

## आर आई टी में सामने आई चौंकाने वाली स्थिति, एफआईआर की मांग




### पंचायत की दस्तावेजी व्यवस्था पर उठे सवाल

शिकायतकर्ता लव कुमार पटेल ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के जनपद पंचायत कसडोल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नगरदा में सूचना के अधिकार (आर टी आई) के तहत साल 2020 से मई 2024 तक की अवधि में मृत राशनकार्ड धारकों और उनके परिजनों की जानकारी मांगी थी।ग्राम पंचायत के जनसूचना अधिकारी द्वारा 27 नवंबर 2024 को दी गई जानकारी में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि पंचायत के पास केवल 9 पन्नों के मृत्यु प्रमाण पत्र मौजूद थे।

महासमुंद जिले के सजग नागरिक और आरटीआई कार्यकर्ता लव कुमार पटेल ने सूबे के मुखिया मुख्य सचिव को सीधे तौर पर एक लिखित शिकायत सौंपते हुए उच्च स्तरीय जांच दोषी सचिव से वसूली और प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

लेकिन नियमानुसार, इन मृतकों के नाम राशनकार्ड से विलोपित (हटाने) करने के लिए खाद्य विभाग या उच्च कार्यालयों को कोई पत्र या पावती नहीं भेजी गई थी। पंचायत सचिव की भूमिका पर उठे सवाल शिकायत पत्र में सीधे तौर पर ग्राम पंचायत सचिव की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा किया गया है।

## ग्रामीणों ने समर्थन के साथ पर्यावरण, जल संरक्षण और रोजगार के मुद्दे भी उठाए

# एपीएल अपोलो संयंत्र के विस्तार की जनसुनवाई में ग्रामीणों का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा






ग्राम रिंगनी केसदा में स्थापित एपीएल अपोलो संयंत्र के विस्तारीकरण हेतु शासन द्वारा आयोजित लोक जनसुनवाई में आस पास ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जहां संयंत्र विस्तारीकरण हेतु अपना भरपूर समर्थन दिया। वहीं कुछ लोगों ने अपना विरोध दर्ज कराते हुए पर्यावरण जल संरक्षण तथा स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की बात रखी। लोक जनसुनवाई शांति पूर्ण संपन्न हुआ।

छत्तीसगढ़ पर्यावरण एवं संरक्षण मंडल द्वारा मैसर्स एपीएल अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्ट लिमिटेड रिंगनी में सोमवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें प्रबंधन द्वारा उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित क्षमता विस्तार परियोजना के तहत पिकलिंग सहित कोल्ड रोल्ड स्टील उत्पाद 28000 टन वर्ष से 1150000 टन वर्ष, सीआर एफस्एटील पाइपों का विस्तार 25000 टन वर्ष से 120000टन वर्ष प्रस्तावित सीआर सीए काइल 100000 टन वर्ष काइल के गैल्वनाइजिंग, गेल्बाल्यूम का विस्तार 170000 टन वर्ष से 800000 टन वर्ष जीपी पाइपों का विस्तार 120000 टन वर्ष से 240000 टन वर्ष कलर कोटेड काइल शीट का विस्तार 200000 टन वर्ष से 500000 टन वर्ष होलो सेक्शन ब्लेक पाइप का विस्तार 300000 टन वर्ष से 60 टन वर्ष 0000 टन वर्ष मौजुदा प्रिसीजन स्टील पाइप 60000 टन वर्ष मौजुदा होलो स्पेशल स्टील पाइप 100000 टन वर्ष तथा मौजूदा कोरूगेटेड गैल्बनाइज्ड शीट्स 50000 टन वर्ष का विस्तारिकरण के संबंध में बताया गया।

लोक जनसुनवाई में पर्यावरण अधिकारी एवं अपर कलेक्टर एसडीएम अतुल शेटे तहसीलदार अनुराग भट्ट सहित पुलिस प्रशासन टीम उपस्थित थीं।

# तुरमा, सरखोर, गंगई में रेत का अवैध खनन परिवहन पर नहीं लग रही लगाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के लवन तहसील से महज 7 किमी दूर बसा ग्राम पंचायत सरखोर ,बाजार भाटा के आश्रित ग्राम गंगई, में शिवनाथ नदी, वहीं तुरमा में महानदी से रेत की अवैध खनन परिवहन, ट्रैक्टर से लगातार बदस्तूर जारी है। अवैध खनन के साथ-साथ बड़े पैमाने पर हजारों ट्रैक्टर रेत की अवैध भंडारण तुरमा में रेत तस्करी में लगे तस्करों ने किये हैं। उक्त गांव में हो रहे रेत की अवैध खनन परिवहन पर लगाम कसने में शासन प्रशासन के टास्क फोर्स पूरी तरह फेल हो चुकी है या तो खुले सरंक्षण देकर मनोबल बढ़ाने में योगदान देते हुए राजश्व नुकसान पहुंचाने में मनोबल बढ़ाते हुए नजर आ रहे हैं। इसके बावजूद न तहसीलदार न आरटीओ न यातायात और नहीं कोई टास्क फोर्स टीम के जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए आ रहा है। अकेले सिर्फ खनिज विभाग ही कार्रवाई कर रहा है , लेकिन उनके पहुंचने से पहले रेत तस्करी में लगे तस्कर नौ दो ग्यारह हो जाते हैं।

खनिज विभाग के आते तक रेत तस्करी में लगे तस्कर रफू हो जाते हैं। खनिज विभाग के अधिकारियों को आने में घण्टे भर का समय लगता है, जबकि स्थानीय प्रशासन चाहे तो मिनटों में रेत तस्करों पर लगाम लगा सकता है। लेकिन लगाना नहीं चाह रहा है, जिसका भरपूर फायदा रेत तस्करों की टीम उठाते हुए आ रही है।

जनप्रतिनिधियों के खुली सरंक्षण में सरखोर गंगई में रेत का अवैध खनन परिवहन फल फूल रहा है। जैसे प्रशासन ने तिल्दा सरपंच को हटाने की पहल किये गए हैं। धारा 40 के तहत वैसे ही इन दोनों गांव के सरपंच एवं लिप्त पंचों को हटाने की दिशा में पहल किये गए तो निश्चित रूप से अवैध खनन परिवहन बहुत हद तक नियंत्रण किये जा सकते हैं। इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी अवधेश बारीक का कहना है कि लगातार जहां-जहां शिकायत आ रही है, वहां से रेम्प को तोड़ा जा रहा है, ताकि रेत की अवैध खनन परिवहन न हो सके। सरखोर गंगई में पिछले महीने रेम्प ध्वस्त कर दो ट्रैक्टर पर कार्रवाई हुई थी, फिर से टीम भेजकर कार्रवाई करते हैं।

## पेज 15 के शेष

### भाटापारा को मिली ...

कहा आज देश विकास की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश विकास की पथ पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। आज भारत भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की 4थी अर्थव्यवस्था बन गई है। आज प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में सड़कें बनायी गई है। वहीं किसान कर्ज के बोझ तले दबे हुए थे, जिसे भाजपा सरकार जिसे किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 16 प्रतिशत ब्याज दर को 0 प्रतिशत ब्याज किया गया। वहीं डा.रमन सिंह ने इस बात की खुशी जाहिर की कि 2016 में मेरे मुख्यमंत्री कार्यकाल में शुरू हुए आडिटोरियम का काम आज पूरा हुआ और इसका लोकार्पण किया गया, क्योंकि संकल्प कभी अधूरा नहीं रहता। अच्छा काम अच्छे के लिए होता है। उन्होंने कहा कि विकास व देश की बात करें तो भाजपा ही देश हित और विकास के बारे में सोचती और करती है। आज पूरे छत्तीसगढ़ के कोने कोने में चमचमाती सडकें सहित अन्य विकास कार्य भाजपा सरकार की देन है।

भाजपा नेता पूर्व विधायक शिवरतन ने कहा भाटापारा का विकास काम डा. रमन सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में बहुत ही तेजी से हुआ। शर्मा ने कहा 30 जनवरी 1976 को शुरू हुए शाखा नहर का काम 5 साल में पूरा किया जाना था, लेकिन शाखा नहर का काम अधूरा पड़ा रहा, जिसके लिए काफी संघर्ष किया और डा. रमन सिंह ने इसके लिए स्वीकृति प्रदान की और शाखा नहर मे पानी आया और किसानों को इसका लाभ मिलना शुरू हो गया ऐसे कई काम डॉ. साहब ने यहां के विकास के लिए करवाये हैं। न.पा.अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि आप सभी जनता के आशीर्वाद से यहां पहुंचा हूं, भाजपा पर आपने जो विश्वास दिखाया है उसी के चलते काम कर रहा हूं। इसके अलावा उच्च शिक्षामंत्री टंकराम वर्मा,अनुराग सिंह देव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, शहर भाजपा मण्डल अध्यक्ष योगेश अनंत, न.पा.उपाध्यक्ष दिलीप छाबडिया, कलेक्टर कुलदीप शर्मा,पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, के अलावा बडी संख्या मे लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री आशीष जायसवाल ने किया।

### जिला निर्माण संघर्ष...

राहत मिली है। स्थानीय विश्राम गृह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात करने वालों में विधायक इन्द्र साव, पूर्व विधायक नरेन्द्र शर्मा ,पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता - सुकृत साहू,अनिल मिश्रा, नरेंद्र यदु, विजय केशरवानी, आनंद शर्मा,एस के टंडन, राजकुमार शर्मा, दिवाकर मिश्रा, राजकुमार मल,अजय साहू ,सचिन शर्मा, जीतनारायण साव सहित काफी संख्या में जिला निर्माण के लिए संघर्ष कर रहे लोग शामिल थे।

### किसान नकली खाद ...

वाहन चालक ने ग्रामीणों को बताया कि उसकी गाड़ी हरियाणा निवासी अनिल कुमार नामक व्यक्ति द्वारा किराए पर ली गई थी। चालक के अनुसार उक्त व्यक्ति क्षेत्र में खाद बेचने का कार्य कर रहा था। चालक ने स्वयं को केवल वाहन चालक बताते हुए खाद की गुणवत्ता और बिक्री से अनभिज्ञ होने की बात कही। ग्रामीणों का दावा है कि क्षेत्र में अब तक 47 बोरी से अधिक खाद बेची जा चुकी है।

### गैस एजेंसियों में...

गैस(प्रदाय व वितरण) विनियमन 2000 के सुसंगत कंडिकाओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है और सबंधित गैस एजेंसी के ऑयल कम्पनी IOCL कार्यालय को कार्यवाही हेतु सूचित किया गया है। संयुक्त जांच दल में ऑयल कम्पनी के सेल्स ऑफिसर, तहसीलदार व खाद्य निरीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जांच किया गया।

### अवैध प्लाटिंग में...

बीतने के बाद भी अवैध कब्जाधारी द्वारा अपना कार्य धड़ल्ले से संचालित कर रहा है और शासन प्रशासन में बैठे लोग मौन धारण किए हुए है। वहीं ग्राम पंचायत बनसांकरा के सरपंच राहुल ठाकुर ने कहा कि इस संबंध में मेरे द्वारा एसडीएम को 5 जून को आवेदन दिया था चुका है। इस संबंध में एसडीएम अतुल शेटे ने कहा कि ज्ञापन पर मैंने तहसीलदार अनुराग भट्ट को जांच करने भेजा था।

### सघन कुष्ठ खोज ...

होने पर दवाई शुरू की जाती है।जिले में कुष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. नवदीप बांधे के अनुसार कुष्ठ एक संक्रामक रोग है जो धीमी गति से शरीर पर असर दिखाता है उपचार न करने पर शरीर में स्थाई विकृति भी आ सकती है।

त्वचा पर सुन्न धब्बे, स्पर्श या दर्द का अहसास न होना, हाथ-पैरों में सुन्नपन, मांसपेशियों में कमजोरी ये लक्षण कुष्ठ के हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में जांच करवाना जरूरी है । बीमारी की स्थिति में एम डी टी के माध्यम से उपचार किया जाता है। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विकृत हो चुके अंगों के लिए सर्जरी भी की जाती है जिसमें मरीज को सहयोग हेतु शासन द्वारा 12 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वर्तमान में जिले में कुल 247 मरीज उपचार रत हैं जिसमें विकास खण्ड बलौदा बाजार में सबसे अधिक 87 कुष्ठ के मरीज हैं।

# कुनबी समाज महासगंठन की वार्षिक महापंचायत



**भाटापारा।** प्रदेश कुनबी समाज महासगंठन छत्तीसगढ़ की वार्षिक महापंचायत रविवार को हुई है। इस महापंचायत में सामाजिक उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति को, समाज का सर्वोच्च सम्मान, कुनबी गौरव दिया जाता है। इस वर्ष महापंचायत में भाटापारा के अध्यक्ष प्रेम भाऊ बोहरे भाटापारा को कुनबी समाज का सर्वोच्च सम्मान, कुनबी गौरव से नवाजा गया।उनके सामाजिक समर्पण के साथ किये गये कार्य को सभी ने सराहा है। वैसे ही भाटापारा कुनबी समाज के युवा अध्यक्ष हेमंत बहेकार को भी सम्मानित किया गया है। उपरोक्त सम्मान भाजपा प्रवक्ता श्री उमेश घोरमोडे जी के हाथों हुआ है।बोहरे जी सम्मान मिलने से समाज में खुशी की लहर हैं। बोहरे के इस समर्पित कार्य से सभी को सीख मिल रही है। उनको बधाई देने वाले, प्रदेश अध्यक्ष रंजित भाऊ मुनेश्वर एवं भाटापारा कुनबी समाज पदाधिकारी संगठन प्रमुख कमल भाऊ बहेकार, उपाध्यक्ष शिव कुमार वाढई, सचिव रिषम बहेकार कोषाध्यक्ष अशोक भाऊ मेन्ढें, युवा अध्यक्ष हेमन बहेकार, महिला मंडल अध्यक्ष मेघा ताई चुटे, महिला मंडल कार्यकारिणी अध्यक्ष रजनी ताई मुनेश्वर, महिला मंडल उपाध्यक्ष मधु ताई बहेकार, महिला मंडल सचिव रेखा बोहरे, महिला मंडल सहसचिव सत्यभामा वाढई आदि मौजूद थे।

# किसान संगोष्ठी में बीज उपचार, रोग किट व खाद्य प्रबंधन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



विगत दिनों कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग अंतर्गत एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत पलारी के ग्राम अमेठी में किसान संगोष्ठी खरीफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषकों को खरीफ फसल पर विस्तृत जानकारी दिया गया जिसमें मुख्य रूप से खरीफ फसलों के संबंध में बीज उपचार, खेत की तैयारी, रोग कीट प्रबंधन, उचित खाद प्रबंधन,स्वास्थ्य मृदा दशा, विपणन संबंधी जानकारी पीएम आशा योजना में पंजीयन, प्राकृतिक खेती, जैविक खाद बनाने व अपनाने की और प्रेरित कर, फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में धान के अलावा अन्य फसल को अपनाना, बीज उत्पादन कार्यक्रम,तिलहन उत्पादन,दलहन उत्पादन, मार्केट दशा के अनुरूप कृषि कार्य, उद्यानिकी फसलों का विस्तार, मत्स्य पालन पशुपालन संबंधी जानकारी पर कृषकों को विस्तृत जानकारी दिया गया, साथ ही जीवामृत बनाने की विधि का प्रत्यक्ष प्रदर्शन संगोष्ठी कार्यक्रम में किया गया। मिट्टी की उपजाऊ क्षमता को बढ़ाने के लिए सूक्ष्म बजट की जैविक उत्पाद बना कर किसान उपयोग कर सके। कार्यक्रम में सरपंच राजेश धृतलहरे पंच विष्णु प्रसाद सेन मुख्य रूप से उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य के सबसे बड़े कृषक पुरस्कार डॉक्टर खूबचंद बघेल कृषक रतन से अलंकृत कृषक वामन टिकरिहा ग्राम मुसुवाडीह वह तिलहन क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने वाले राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त नोहर चंद्राकर सिसदेवरी से और जिला स्तरीय कृषक पुरस्कार प्राप्त संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## सैन्य इतिहास, तिब्बती संस्कृति और साहसिक गतिविधियों का लिया अनुभव

# राज्य स्तरीय उत्तर भारत हाईक से वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा आयोजित दस दिवसीय राज्य स्तरीय उत्तर भारत प्रकृति अध्ययन शिविर हाईक से छत्तीसगढ़ का दल वापस लौट आया है। इस प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय हाईकिंग पहाड़ी यात्रा में बलौदाबाजार जिले से चयनित स्काउट-गाइडर ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। इससे पहले राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने रायपुर रेलवे स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर 97 स्काउट गाइडर की इस विशेष टीम को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया था। इस रवानगी के अवसर पर शिविर संचालक अशोक देशमुख, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त पूनम सिंह साहू, सरिता पाण्डेय, जेरमिना एक्का, सीमा साहू और एसओसी अमित क्षत्रिय सहित राज्य मुख्यालय के अधिकारी व स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहे। हाईक के दौरान प्रतिभागियों ने हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों मां चिंतपूर्णी देवी, ज्वाला माता, बगलामुखी माता, ब्रजेश्वरी माता और चामुंडा माता के दर्शन किए। इसके साथ ही दल ने जम्मू-कश्मीर में स्थित मां वैष्णो देवी के दरबार में भी माथा टेका। जम्मू में स्काउट्स-गाइड्स ने 17 किलोमीटर की कठिन माउंटेन ट्रेकिंग करते हुए कुल 35 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी की। छत्तीसगढ़ के साथ बलौदाबाजार जिले का नाम रोशन कर लौटे इन प्रतिभागियों ने सैन्य इतिहास को जानास्काउटर ईनूराम वर्मा अजय कुमार उपाध्याय, धनेश्वर वर्मा, मनीष बघेल, दाऊ लाल साहू, रामकुमार कुंजाम, गाइडर रजनी कला पाटकर, सावित्री वर्मा, दन्तेश्वरी किरण बघेल ने सिमगा विकास खण्ड से दस दिवसीय हाईक मे भाग लिया।

### सिमगा के 9 प्रतिभागी रहे शामिल

दल ने हिमाचल प्रदेश के खूबसूरत हिल स्टेशन डलहौजी, पंचपुला, कालाटॉप और मिनी स्विट्जरलैंड कहे जाने वाले खज्जियार का भ्रमण किया। डलहौजी में वार मेमोरियल युद्ध स्मारक का भ्रमण कर भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के गौरवशाली इतिहास, उनके शौर्य और पराक्रम को करीब से समझा।धर्मशाला के मैक्लोडगंज में तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा के मंदिरों में प्रतिभागियों ने ध्यान और योग का अभ्यास किया। साथ ही तिब्बती संस्कृति, वहां के खान-पान और रहन-सहन का भी बारिकी से अध्ययन किया। इसके अलावा, मिनी स्विट्जरलैंड खज्जियार में दल ने एडवेंचर गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपने हौसले का परिचय दिया। दल में विकास खण्ड सिमगा के 9 हाईकर शामिल हुये।

**खबर संक्षेप**

## इंजीनियरिंग में रुद्र प्रताप का चयन

**खरोरा।** ग्राम जंजगिरा निवासी रुद्र प्रताप वर्मा का चयन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, गांव एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय, माना से पूरी की है। उनके पिता संतोष वर्मा विद्युत विभाग में कार्यरत हैं, जबकि माता रमाकांत वर्मा गृहिणी हैं।



रुद्र प्रताप ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर यह सफलता हासिल की है। उनके एनआईटी रायपुर में चयन होने से कुर्मी समाज के साथ-साथ परिवार और क्षेत्र के लोगों में गर्व की भावना है। परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने पप्पू अली

**सिमगा।** अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैतान सिंह सोलंकी ने सिमगा निवासी पप्पू हासम अली प्रदेश अध्यक्ष को संगठन की बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति की है। उक्त नियुक्ति के साथ ही अली को 07 राज्यों जिनमें उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, बंगाल एवं छत्तीसगढ़ का प्रभारी भी बनाया गया है पप्पू अली की नियुक्ति पर बसंत आडिल,हिरेंद्र कोसले, करण भाटिया, ललित देवांगन, कमलेश साहू, विजय गुप्ता, महेश रजक, आदि ने हर्ष व्यक्त किया।



# मानदेय और संवैधानिक अधिकारों को लेकर लामबंद राजस्व ग्राम पटेल

### आर-पार की लड़ाई के मूड में ग्राम पटेल संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

छत्तीसगढ़ का राजस्व ग्राम पटेल संघ अपने मासिक मानदेय और संवैधानिक अधिकारों की बहाली के लिए आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहा है। इसी सिलसिले में बलौद जिले के बंजारी धाम में संघ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से शामिल हुए प्रदेश प्रवक्ता व बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष कृष्णचरण पटेल ने पटेलों को एकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने बताया कि पूर्व सरकार द्वारा मानदेय में किए गए छल के खिलाफ संघ ने सितंबर 2023 में बिलासपुर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है, जिस पर जल्द ही सकारात्मक निर्णय आने की उम्मीद है। संगठन के प्रयासों से प्रदेश की कई तहसीलों में ग्राम पटेलों को पूर्व की भांति राजस्व कर (लगान) वसूली, चुनाव, मतगणना और ग्राम पंचायत में पदेन सदस्य के रूप में सम्मानजनक स्थान दिलाने के आदेश जारी कराने में सफलता मिली है। 15 मई को बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हुई मुलाकात में पटेलों की मांगों को जल्द कैबिनेट में रखने और ठोस निर्णय लेने का आश्वासन मिला है। कार्यक्रम में पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर सभापति, प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा जैन, जिला अध्यक्ष रविशंकर कोटेंद्र, चंद्रमणि मानिकपुरी, मलेच्छ राम पटेल सहित भारी संख्या में संभाग व जिला स्तर के पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया।





### 00: खेतों से ज्यादा पेट्रोल पंप के चक्कर, किसानों की बढ़ी परेशान

# डीजल संकट से किसान और ट्रैक्टर संचालक परेशान, खेती-किसानी के कार्य हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

खरीफ सीजन की दस्तक के साथ ही सुहेला अंचल के किसानों और ट्रैक्टर संचालकों के सामने डीजल संकट बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। पेट्रोल पंपों पर जेरीकेन में डीजल नहीं मिलने से किसानों और ट्रैक्टर मालिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि खेती के महत्वपूर्ण समय में उनकी उत्पादकता भी प्रभावित हो रही है। किसानों का आरोप है कि शासन-प्रशासन की अव्यवस्थित व्यवस्था का सीधा खामियाजा खेती-किसानी से जुड़े लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

ट्रैक्टर संचालकों का कहना है कि खेती के इस व्यस्त समय में एक-एक घंटे का महत्व है। यदि ट्रैक्टर डीजल लेने के लिए पंप तक नहीं जाएंगे तो उसी समय में कई किसानों के खेतों की जुताई की जा सकती है। लेकिन वर्तमान व्यवस्था के कारण जुताई कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

### पेट्रोल पंप संचालकों ने बताई मजबूरी

वहीं पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि वे शासन-प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन कर रहे हैं। उनका कहना है कि अभी तक उन्हें ऐसा कोई आधिकारिक निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है, जिसमें किसानों या अन्य किसी व्यक्ति को जेरीकेन अथवा डिब्बे में पेट्रोल या डीजल देने की अनुमति दी गई हो। पेट्रोल पंप संचालकों के अनुसार,शासन-प्रशासन के दिए गए निर्देशों का पालन किया जा रहा है। हमारे पास अभी तक ऐसा कोई आधिकारिक निर्देश जारी नहीं हुआ है जिसमें किसानों को या किसी को भी जेरीकेन या डिब्बे में पेट्रोल या डीजल दी जाए।





### किसानों का बढ़ा खर्च

किसान रामकुमार वर्मा ने कहा- खेतों में काम का दबाव बढ़ गया है। बारिश शुरू हो चुकी है और हमें समय पर तैयारी पूरी करनी है। लेकिन डीजल के लिए बार-बार पंप जाना पड़ रहा है। इससे समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहे हैं। प्रशासन को किसानों की समस्या समझते हुए जेरीकेन में डीजल देने की व्यवस्था सरल करनी चाहिए।

### ट्रैक्टर चालकों को आर्थिक नुकसान

ट्रैक्टर चालक संतोष यादव ने कहा- जिस समय में हम दो-तीन खेतों की जुताई कर सकते हैं, वह समय डीजल लेने में निकल जाता है। आने-जाने में भी डीजल खर्च होता है। इससे आर्थिक नुकसान अलग से हो रहा है।

### किसानों की बढ़ी चिंता

किसान शिवप्रसाद साहू ने कहा- हम खेतों की साफ-सफाई, खाद फैलाव और जुताई के काम में लगे हुए हैं। ऐसे समय में डीजल की परेशानी से पूरा कार्यक्रम प्रभावित हो रहा है। खेती का काम रुक-रुक कर चल रहा है, जिससे चिंता बढ़ रही है।

### प्रशासन ने करायी व्यवस्था

किसानों को डीजल उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाई गई है। उन्होंने कहा कि तहसीलदार अथवा एसडीएम कार्यालय में विधिवत आवेदन प्रस्तुत करने पर किसानों को जेरीकेन में डीजल प्रदान की जाएगी। साथ ही शासकीय कार्य करने वाले विभाग जैसे लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), बीएसएनएल विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा आवश्यकतानुसार जेरीकेन में डीजल प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने पर उन्हें भी डीजल प्रदाय की जा रही है।

**-अतुल शेटे,** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिमगा

# प्रशासन की पहल से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में जगी शिक्षा की अलख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के पुर्नवास हेतु जिला प्रशासन द्वारा मनोविकास केंद्र संचालित की जा रही है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा एवं पुनर्वास की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए मनोविकास केन्द्र में थैरेपी सेवाएं प्राप्त कर रहे 23 दिव्यांग बच्चों का पुनः सामान्य विद्यालयों में नामांकन कराया गया है, जिससे बच्चे अब शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़कर जीवन में आगे बढ़ेंगे। ये बच्चे विभिन्न सामाजिक, आर्थिक एवं विकासात्मक कारणों से विद्यालयीन शिक्षा से वंचित हो गये थे या स्कूल नहीं जा पा रहे थे।

विशेष शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रशासन के निरंतर सहयोग से इन बच्चों को उनकी संबंधित कक्षाओं में पुनः प्रवेश दिलाया गया। सभी दिव्यांग विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होकर सफलता प्राप्त की है। यह सफलता इन बच्चों के शैक्षणिक जीवन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मनोविकास केन्द्र, बलौदाबाजार केवल पुनर्वास एवं थैरेपी सेवाओं तक सीमित नहीं है अपितु जिले के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की निरंतर शिक्षा एवं मुख्यधारा के विद्यालयों के समावेश सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

संस्था प्रमुख ने बताया कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है एवं मनोविकास केन्द्र में विशेष शिक्षा और सामान्य विद्यालयीन शिक्षा के बीच कि दूरी कम करने के निरंतर प्रयास किये जा रहे ताकि प्रत्येक बच्चे को विकास एवं प्रगति के समान अवसर प्राप्त हो सके।

अभिभावकों एवं स्थानीय समुदाय ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु कलेक्टर एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# गिधौरी पुलिस ने बिच्छू दंश के शिकार बुजुर्ग की बचाई जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

समाज में पुलिस की छवि को और अधिक सेवाभावी बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उदाहरण पेश करते हुए, थाना गिधौरी क्षेत्र में तैनात डायल 112 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बुजुर्ग की जान बचाई। 15-16 जून की मध्यरात्रि लगभग 12.30 बजे, डायल 112 को क्षेत्र में एक आपातकालीन कॉल प्राप्त हुई। कॉल पर जानकारी दी गई कि एक बुजुर्ग व्यक्ति को बिच्छू ने काट लिया है और उन्हें तत्काल चिकित्सीय सहायता की आवश्यकता है।

डायल 112 वाहन, जिसमें उस समय ड्यूटी पर आरक्षक कमलेश बर्मन थाना गिधौरी एवं चालक रूपेश साहू तैनात थे, इन्हें जैसे ही इवेंट की सूचना मिली, वे बिना किसी देरी के घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। घटनास्थल पर पहुंचकर आरक्षक कमलेश बर्मन ने कॉलर से बात की और स्थिति की गंभीरता को समझा। बिच्छू दंश के शिकार बुजुर्ग की पहचान भुनेश्वर सांडे, उम्र 80 वर्ष के रूप में हुई। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए, टीम ने उन्हें तुरंत डायल 112 वाहन में बिठाया। रात के सन्नाटे और आपातकालीन परिस्थिति में, पुलिस टीम ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बरपाली पहुंचाया।

अस्पताल में भर्ती और उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरपाली पहुंचकर, पुलिस टीम ने बुजुर्ग को अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों की टीम ने तुरंत उनका इलाज शुरू कर दिया। समय पर अस्पताल पहुंचने और त्वरित उपचार मिलने के कारण बुजुर्ग की हालत अब स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं।

# टोनाटार में शराब की अवैध बिक्री से गांव का माहौल हो रहा खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टोनाटार में शराब की अवैध बिक्री पर प्रतिबंध और सार्वजनिक स्थानों पर शराब नहीं पीने की मनाही के बावजूद गांव के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा चार-पांच जगहों पर शराब बेचकर गांव की माहौल को खराब करने में तुले हुए हैं। ऐसा भी नहीं की गांव में बिक रही अवैध शराब के कारोबार की जानकारी आबकारी विभाग एवं पुलिस प्रशासन को न हो किंतु जानकारी के बावजूद अवैध शराब की बिक्री पर लगाम न लगने से आबकारी और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में खड़ी होती दिखाई दे रही है। ग्रामीणों एवं भारत माता वाहिनी समूह की महिलाओं ने गांव में बिक रही अवैध शराब को बंद कराने को लेकर भाटापारा ग्रामीण पुलिस को कई बार



अवगत करा चुके हैं उसके बावजूद शराब बिक्री बंद होने के बजाय और अधिक धड़ल्ले से बिक रही है।इस संबंध में सरपंच विष्णु कोसले ने कहा कि पुलिस में नामजद शिकायत के बावजूद शराब कोचियों पर कार्यवाही नहीं होने से ही उन लोगों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने शराब बेच रहे असामाजिक तत्वों के लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में भाटापारा ग्रामीण थाना प्रभारी हेमंत पटेल से जानकारी लेने का प्रयास किया गया किंतु उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

### ग्रामीणों ने प्रशासन की निष्क्रियता पर उठाए सवाल

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत टोनाटार में लंबे समय से चार पांच शराब कोचियों के द्वारा लोगों को शराब परोसा जा रहा हैं। आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के चलते जयस्तंभ चौक के पास तीन लोगों के द्वारा एवं बग बुढ़वा तालाब के पास एक शराब कोचिया द्वारा दबंगई पूर्वक लंबे समय से अवैध कारनामे को अंजाम दिया जा रहा है। उक्त शराब कोचिया को पुलिस और आबकारी विभाग का तनिक भी भय नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त शराब कोचिया पर कड़ी कार्यवाही किया जाएगा तो निश्चित रूप से गांव शराब मुक्त हो जाएगा। शराब की अवैध बिक्री पर कार्यवाही के अभाव में ही शराब कोचियों का हौसला बढ़ा हुआ है। वही सतत निगरानी के दौरान शराब बेचते पकड़े जाने पर कुछ शराब कोचिया ग्रामीणों एवं भारत माता वाहिनी स्व सहायता समूह की महिलाओं को धमकाने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों ने अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने और शराब कोचियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों में है बेमिसाल उपलब्धि



**अर्जुनी।** बलौदाबाजार भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री पूर्व सैनिक ग्राम पंचायत अर्जुनी के उपसरपंच एवं तहसील साहू संघ के संगठन सचिव विष्णु साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र की सत्ता में लगातार 12 वर्षों को ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी बताते हुए बेमिसाल करार दिया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। एक समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। एक ऐसा भारत जो किसी को छेड़ता नहीं है और छेड़ने वाले को छोड़ता भी नहीं है। विष्णु साहू ने कहा कि इन 12 वर्षों में देश ने विकास सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण किसान हित और युवाओं के रोजगार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की है। देश की आधारभूत संरचना में अभूतपूर्व विकास हुआ है, जिसमें सड़क रेल डिजिटल नेटवर्क और हवाई सेवाओं का तेजी से विस्तार शामिल है। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को प्रधानमंत्री नहीं प्रधान सेवक कहते हैं। 140 करोड़ भारतवासियों को अपना परिवार मानते हैं। सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास, सबका प्रयास, को मूल मंत्र मानते हुए दिन और रात 140 करोड़ भारतवासियों की सेवा करते हैं।

### जिला अस्पताल में हुआ रक्तवीरों का सम्मान




**रायपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय पंडरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम के अनुरूप लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक करने और नियमित रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से अस्पताल प्रबंधन द्वारा एक विशेष संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन सिविल सर्जन डॉ.बी.के.सिन्हा के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानवता की सेवा और किसी को जीवनदान देने का सबसे बड़ा माध्यम है। इस अवसर पर आरएमओ डॉक्टर लक्ष्मेंद्र यादव ने नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. दिव्यांशु ने बताया कि सुरक्षित रक्तदान से शरीर पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ता। फोरेंसिक विशेषज्ञ डॉ. पीयूष कुमार ने भी रक्तदान से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों को दूर करते हुए वैज्ञानिक पहलुओं पर जानकारी साझा की। अस्पताल के सफल संचालन और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में अस्पताल सलाहकार मिथिलेश सोनबेर की सक्रिय भूमिका रही।

### परिवहन अधिकारियों का तबादला

**रायपुर।** परिवहन विभाग ने दो परिवहन अधिकारियों को स्थानांतरित किया है। संयुक्त सचिव परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत्युंजय पटेल क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय रायपुर को दुर्ग, एवं प्रतीक शुक्ला , क्षेत्रीय परिवहन आयुक्त कार्यालय से जिला परिवहन अधिकारी महासमुंद के पद पर पदस्थ किया गया है।

### निधन

#### रतिराम यादव



**खरोरा।** ग्राम मुड़पार निवासी रतिराम यादव का 85 वर्ष की आयु में रविवार 14 जून को निधन हो गया। उनके निधन से परिवार सहित पूरे गांव और यादव समाज में शोक व्याप्त है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिक, अंचल के जनप्रतिनिधि एवं यादव समाज के स्वजातीय बंधुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर स्वर्गीय रतिराम यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शाला प्रवेश उत्सव : शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक और मिठाई से हुआ स्वागत

# जिले में लंबे इंतजार के बाद गूंजी विद्यालय की घंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावण

नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर सोमवार 16 जून को पूर्व माध्यमिक शाला मोहरा एवं सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, गुलाल एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

पूर्व माध्यमिक शाला मोहरा में आयोजित कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सनत कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष श्रीराम वर्मा तथा सदस्य पुष्पा सुखनन्दन चेलक जनपद सदस्य संतोष वर्मा, टेटकी वर्मा, अनुसुइया ध्रुव, चंद्रिका गेंद्रे, पूजा फेकर सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष सनत कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों से अनुशासन का पालन करते हुए मन लगाकर अध्ययन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में शिक्षक सीआर वर्मा, गेंदराम ध्रुव, दूधेश्वर प्रसाद वर्मा, हरीश वर्मा सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे। अंत मेंसंकुल समन्वयक एवं प्रधान पाठक मार्कंडेय कैवर्त्य ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुएअनुशासन एवं नियमित अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा में आचार्य सुनीतायादव के मार्गदर्शन में शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा सरस्वती वंदना के साथ नवीन शिक्षा सत्र का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में शिक्षिका आकांक्षा वर्मा,हेमलता यादव एवं मुस्कान सेन सहित विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में नए शिक्षा सत्र के प्रति उत्साह एवं सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।

### हिरमी रावण मोहरा में शाला प्रवेश उत्सव मना



### पहले दिन बच्चों में दिखा उत्साह



**पलारी ।** मंगलवार 16 जून से नया शिक्षा सत्र आगाज हुआ, जहां लंबी छुट्टी के बाद बच्चे स्कूल पहुंचे तो स्कूलों में रौनक फिर लौट आई। बच्चे विद्यालय में अपने दोस्तों से मिलकर अति उत्साह में नजर आए। बच्चों की खुशी देखते ही बनती थी। इसी क्रम में पलारी के शास उच्च मा वि वटगन में विद्यालय के प्रथम दिवस में बच्चों में उत्साह दिखा 8 वी से 9 वीं में प्रवेश लेने वाले बच्चे भी आए विद्यालय के प्रथम दिवस पर बच्चों को गुलाल लगाकर स्वागत किया। राष्ट्रगान वंदेमातरम के साथ मां सरस्वती का वंदन किया गया। बच्चे अपना अंकसूची भी प्राप्त किए। इस मौके पर शिक्षकों ने कहा आप लोग रोज विद्यालय आए अभी से पढ़ाई में लग जाए। इस मौके पर व्याख्याता एम के वैष्णव, टी के साहू, सगुण सोनी, रेणुका जांगड़े, जे पी पाठक, रेणुका, राकेश, डाके श यद्घु, मुरली सोनकेवरे आदि उपस्थित थे।

### उत्साह और उमंग के साथ हुआ

**खरोरा।** लंबे ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस पर विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की चहल-पहल, उत्साह और मुस्कान



से सराबोर नजर आया। विद्यालय पहुंचते ही विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे उनके चेहरों पर विशेष रौनक और खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि सरिता उगेंद्र देवांगन, शाला विकास समिति अध्यक्ष नकुल राम वर्मा तथा विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके मार्गदर्शन में विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के स्वागत हेतु विशेष तैयारियां कीं। साथ ही शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्नाडे एवं भारती तांती का भी उल्लेखनीय योगदान रहा। नवीन सत्र के शुभारंभ पर विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया तथा विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### आत्मानंद स्कूल में नये शैक्षणिक सत्र का आगाज

**खरोरा।** पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हुआ। सत्र के प्रथम दिवस विद्यालय परिवार द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार, अनुशासन एवं जीवन मूल्यों को विकसित करने का सबसे प्रभावी साधन है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग, अनुशासन तथा नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य प्रत्येक छात्र-छात्रा को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।प्राचार्य मिंज ने कहा कि पीएम श्री विद्यालय के रूप में संस्था विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है। आधुनिक शिक्षा, नवाचार, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं तकनीकी शिक्षा के माध्यम से बच्चों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से पूरे उत्साह, लगन और सकारात्मक सोच के साथ नए सत्र की शुरुआत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती शाहिना परवीन ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि नया शैक्षणिक सत्र नई ऊर्जा, नए संकल्प और नई संभावनाओं का प्रतीक होता है। नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस विद्यालय में उत्साहपूर्ण वातावरण रहा तथा विद्यार्थियों ने नए जोश और उमंग के साथ अपनी शैक्षणिक यात्रा का शुभारंभ किया।




### हाई स्कूल मांठ में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया



**खरोरा।** ग्राम पंचायत मांठ में पूर्व सरपंच एवं वर्तमान में जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा ने प्रवेशोत्सव के पहले दिन बच्चों का तिलक लगा कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। ड्रापआउट बच्चों को भी शाला से जोड़ना है। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष शेष नारायण वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामरतन साहू, शिक्षा विद् सदस्य अंबिका प्रसाद वर्मा ने भी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद दिया। प्राचार्य सुशीला वर्मा ने बच्चों को प्रतिदिन अधिक से अधिक संख्या में स्कूल आने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षक वृंद सरस्वती वर्मा, देवेन्द्र सिंह, नर्मदा साहू, उत्तरा साहू,रेखा मिश्रा, मनोज बघेल, वसुंधरा साहू, शिवानी वर्मा, मंजू लता देवांगन, यामिन वर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, मंजू आनंद, राजकुमारी, हेमा सोनवानी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### हाई स्कूल भरसेला बड़ा में मना प्रवेश उत्सव





**रवान।** शासकीय हाई स्कूल भरसेला बड़ा में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिसर में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बच्चों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। पुस्तकें प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और विद्यालय परिसर उत्साहपूर्ण माहौल से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच सरिता सेन उपस्थित रहीं। अध्यक्षता शाला विकास समिति की अध्यक्ष भगवंतीन सेन ने की। इस अवसर पर प्राचार्य फलेन वर्मा, संकुल समन्वयक अमित अवस्थी, जया वर्मा, सरोज वर्मा, नंदू तिवारी, शकुंतला पैकरा, सुरेखा वर्मा एवं नीलकमल सोनवानी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्राचार्य फलेन वर्मा ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने का सशक्त मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षक लक्ष्मी ध्रुव, आकांक्षा तिवारी, कुसुमकान्ति टोप्पो, विजय लहरे, ओजस्वीता ध्रुव, प्रेमलाल कन्नौजे एवं महेंद्र चौहान सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### प्रवेशोत्सव पर बच्चों का मुंह मीठा कराया

**सेल।** नया शिक्षा सत्र पहले ही दिन जिला शिक्षा अधिकारी ने मोहतरा के स्कूल में निरीक्षण के दौरान शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे। उसके नया शिक्षा सत्र पहले ही दिन अधिकांश स्कूलों का निरीक्षण किया गया है। 16 जून को जिला शिक्षा अधिकारी संदीप शर्मा एवम जिला समन्वयक नरेंद्र वर्मा द्वारा विद्यालय में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमे बच्चो के साथ शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। बच्चो को रोली तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर एवं पुस्तक वितरित कर उनका स्वागत किया गया। निरीक्षण के समय 01 शिक्षक अवकाश में तथा सभी शिक्षक उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक द्वारा जिला खेल अधिकारी युवा कल्याण विभाग बलौदाबाजार द्वारा प्रदत्त खेल सामग्री को प्राचार्य चूड़ामणी साहू, खेल प्रभारी देवेंद्र खूंटे एवं छात्र छात्राओं को प्रदान किया गया।




### अंचल की स्कूलों में मनाया जा रहा शाला प्रवेश उत्सव

**हथबंद।** 16 जून से प्रदेश के सभी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में स्वामी आत्मानंद हिंदी अंग्रेजी माध्यम स्कूल हथबंद में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला बलौदाबाजार के अध्यक्ष आनंद यादव ने बच्चों को पढ़ाई का महत्व बताते हुए प्रतिदिन स्कूल आने की अपील की। शाला समिति के अध्यक्ष विद्या वर्मा के साथ अन्य अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्रों को पुस्तक वितरण कर गुलाल लगाकर स्वागत किया। विद्या वर्मा ने बच्चों की हर समस्या का तय समय पर समाधान करने का आश्वासन दिया, ताकि अध्ययन कार्य प्रभावित न हो। प्राचार्य सी के नायक ने उक्त समारोह को पालक और शिक्षक को नजदीक लाने का माध्यम बताया, ताकि पालको को अपने बच्चों की ज्ञान की स्तर की जानकारी हो सके एवं समय रहते छात्रों की कमजोरी का समाधान किया जा सके। व्याख्याता अर्पिता शर्मा के मार्गदर्शन में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह सम्पन्न हुआ। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठिका श्री मती सविता वर्मा ने आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष जीतू यादव, पूर्व उपाध्यक्ष संतोष धर दीवान, गोलू समुद्रे, शिक्षक स्टाप एवं पालकगण उपस्थित थे।



### स्वामी आत्मानंद बिलाईगढ़ में शाला प्रवेशोत्सव की धूम

**बिलाईगढ़ ।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बिलाईगढ़ में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में नए सत्र को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन तथा सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नई ऊर्जा एवं संकल्प के साथ अध्ययन प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया।शाला प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रेरणादायी गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं स्वागत कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारीगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




## राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के तहत दो दिवसीय मूल्यांकन

# राष्ट्रीय मूल्यांकन में केंद्रीय टीम ने की स्वास्थ्य केंद्र की तारीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

- ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, लैब और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखी गई
- अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रयासों से स्वास्थ्य केंद्र ने पेश की मजबूत दावेदारी




स्वास्थ्य केन्द्रों में दी जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं का राष्ट्रीय स्तर के मानक का मूल्यांकन है, जिसके तहत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू का पदभार ग्रहण करते ही जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उन्नयन करने के निर्देश दिए हैं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पुष्पेंद्र वैष्णव ने लगातार पिछले कुछ दिनों से जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को अनुरूप प्रशिक्षण आयोजित कर तैयारी कराएं हैं । जिला सलाहकार कृष्ण पुरी गोस्वामी के निगरानी में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का अनुरूप उन्नयन का कार्य चल रहा है ।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पवनी का कार्य पूर्ण होने पर मूल्यांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया ।

स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा नामित राष्ट्रीय मूल्यांकन कर्ता डॉ सुशील हरिपंत देशमुख पुणे और डॉ योगिता तुलसियन अहमदाबाद के द्वारा 15 और 16 जून को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पवनी का भ्रमण किया गया ओपीडी,आईपीडी प्रसव कक्ष, लैबोरेट्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा सामान्य प्रशासन जैसे अहम शाखाओं का मूल्यांकन किया गया । मूल्यांकन के दौरान इन शाखाओं से संबंधित रजिस्टर्ड एवं रिकॉर्ड की जांच की गई एवं कार्यक्रमों से संबंधित शाखा के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ भर्ती मरीजों का इंटरव्यू लेकर भी स्वास्थ्य सेवाओं में दी जाने वाली गुणवत्ताओं का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन कराने में डॉ शशि जायसवाल बीएमओ बिलाईगढ़, डॉ कविता बंजारे, वीरेंद्र कुर्रे, दीपक धारा डीपीएम, जिला लेखा प्रबंधक मनोज साहू, प्रभारी विकाश खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक लकेश्वर बघेल सहित पवनी स्वास्थ्य केन्द्र कर्मचारीगण और जिला एवं विकास खंड स्तर पर कार्यरत विभिन्न शाखा जैसे चिरायु, कुष्ठ, टीबी, एड्स, नेत्र,एनआरसी, स्टोर इत्यादि शाखा के अधिकारियों, कर्मचारियों का सहयोग रहा ।

# नैनो उर्वरकों के उपयोग से किसान मनहरण को मिल रहा बेहतर उत्पादन का लाभ

**बलौदाबाजार।** जिले के ग्राम डमरू (खैन्दा) निवासी किसान मनहरण अपनी आधा एकड़ कृषि भूमि में खेती का कार्य करते हैं। सीमित भूमि होने के बावजूद उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाया है। श्री मनहरण ने पिछले वर्षों में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग कर फसलों में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। नैनो उर्वरकों के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए वे इस वर्ष भी अपनी खेती में इनका उपयोग कर रहे हैं।



किसान मनहरण का कहना है कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में कम लागत आती है तथा फसलों को आवश्यक पोषक तत्व प्रभावी रूप से प्राप्त होते हैं। इससे उत्पादन में वृद्धि होने के साथ-साथ अधिक मुनाफा भी मिलता है। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरकों की मात्रा कम होने के कारण इन्हें खेत तक ले जाने और उपयोग करने में भी सुविधा होती है। इसके अलावा रासायनिक उर्वरकों की अपेक्षा इनका उपयोग पर्यावरण और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बेहतर है। श्री मनहरण ने अन्य किसानों से भी वैज्ञानिक पद्धति एवं नैनो उर्वरकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभदायक बनाने की अपील की है।